an>

Title: Need to restart the passenger train between Itarasi and Jabalpur or change the express train into passenger train.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में इटारसी से जबलपुर के बीच में एक पैसेंजर ट्रेन चलती थी और श्री गणेश सिंह जी के क्षेत्र सतना से जबलपुर के बीच में भी एक पैसेंजर चलती थी, अब इन दोनों ट्रेनों को बंद करके एक नई एक्सप्रेस ट्रेन चलायी जा रही है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि एक्सप्रेस ट्रेन चलना बहुत अच्छी बात है, लेकिन यह ट्रेन प्रत्येक उस स्टेशन पर खड़ी हो रही है, जहां पर पहले पैसेंजर ट्रेन खड़ी होती थी। यह ट्रेन पैसेंजर ट्रेन से एक घंटा ज्यादा समय लेगी, पैसेंजर ट्रेन का किराया खत्म करके एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिया जा रहा है। मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से विनती है कि जब इस पैसेंजर ट्रेन को एक्सप्रेस ट्रेन बनाया गया है, तो मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मेरा कहना है कि इसको दोबारा पैसेंजर ट्रेन किया जाए या भाड़ा पैसेंजर ट्रेन का ही लिया जाए। इससे गरीब आदमी को आने-जाने में माननीय प्रधान मंत्री के मंशानुसार राहत मिलेगी।

माननीय सभापति :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्रीमती ज्योति धुर्वे और

श्री गणेश सिंह को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।